आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे

मुख्य समाचार

- वरिष्ठ भाजपा नेता व केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने विपक्ष पर भारत को कमज़ोर करने की साज़िश रचने का लगाया आरोप।
- मुख्यमंत्री ने भाजपा को कांग्रेस के टिकट आबंटन की चिंता न करने की दी सलाह– कहा– जल्द घोषित होंगे उम्मीदवार।
- पालमपुर में युवती पर हमले की घटना को भाजपा ने बताया दुर्भाग्यपूर्ण– उपमुख्यमंत्री ने निष्पक्ष जांच का दिया आश्वासन।
- धर्मशाला में अगले महीने प्रस्तावित आई.पी.एल. मैचों के दौरान निर्वाचन विभाग चलाएगा मतदाता जागरूकता अभियान।

................

अनुराग ठाकुर

प्रदेश में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां लगातार जारी है। भाजपा व कांग्रेस के नेता इन दिनों चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज ऊना जिला के गगरेट में अनुसूचित जाति मोर्चा और त्रिदेव सम्मेलन में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव के साथ–साथ गगरेट विधानसभा उपचुनाव के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को जरूरी दिशा निर्देश दिए। अनुराग सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि विपक्ष भारत को कमज़ोर करने की साजिश रच रहा है और यही कारण है कि विपक्ष द्वारा सत्ता में आने पर देश के परमाणु हथियारों को खत्म करने की आधिकारिक घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन में वे पार्टियां हैं जो तुष्टिकरण की राजनीति करती हैं और झूठे वायदे कर मुकर जाती हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा और अधिक मजबूती के साथ 4 सौ से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करने में कामयाब रहेगी।

मुख्यमंत्री

लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी भी सक्रिय बनी हुई है। पार्टी के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज धर्मशाला का दौरा कर

नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा को कांग्रेस पार्टी के टिकट आबंटन को लेकर चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है और मंथन के बाद जल्द ही उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इससे बावजूद भी पार्टी का चुनाव प्रचार तेजी से चल रहा है और विधायक व मंत्री जनता के बीच जा रहे हैं। उधर ऊना में पत्रकारों से बातचीत में वरिष्ठ कांग्रेस नेता व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि चुनाव मैदान में उतारे गए भाजपा के सभी प्रत्याशी फ्लॉप साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चल रही राजनीतिक उथल–पुथल के बीच प्रदेश की जनता कांग्रेस के साथ खड़ी है।

सुरेश कश्यप

शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीद्वार व पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप का चुनाव प्रचार अभियान जारी है। अभियान के तहत उन्होंने शिमला जिले के कोटखाई क्षेत्र में कई बैठकों में हिस्सा लिया। कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि एक साल के कार्यकाल में सरकार 15 हजार करोड़ रूपए का ऋण ले चुकी है और इसमें से विकास कार्यों पर किसी भी तरह की राशि खर्च नहीं की गई है। सुरेश कश्यप ने कहा कि कांग्रेस को केवल भेदभाव वाली सरकार के नाम से जाना जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने कहा है कि कांग्रेस सरकार पूरी तरह स्थिर व मजबूत है और अपना कार्यकाल पूरा करेगी। उन्होंने आज शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पदाधिकारियों से कांग्रेस सरकार की नीतियों को घर–घर तक पहुंचाने पर बल दिया।

इस बीच कांग्रेस ने चुनावों के लिए शिमला में वॉर रूम स्थापित किया है। वॉर रूम के सह अध्यक्ष व पार्टी महासचिव महेश्वर सिंह ने कहा कि कांग्रेस मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है जबकि भाजपा मुद्दा विहीन है।

राजेश धर्माणी

कांग्रेस नेता व तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि राज्य सरकार सवा साल के कार्यकाल में गुड गवर्नेंस की मिसाल बनी है। उन्होंने कहा कि इस अवधि में राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से लंबित मामलों को निपटाने में राज्य सरकार को

अभूतपूर्व सफलता मिली है। धर्माणी ने कहा कि इस कार्यकाल में सरकार ने जहां 10 में से 5 गांरटियों को पूरा कर लिया है वहीं इससे आगे बढ़कर काम कर जनकल्याण का अध्याय लिखा है।

भाजपा प्रतिक्रिया

प्रदेश भाजपा ने पिछले कल पालमपुर में एक युवती पर हुए हमले की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि इस घटना से स्पष्ट है कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में असामाजिक तत्वों को खुला संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि इस घटना से स्पष्ट है कि राज्य सरकार ने सत्ता में रहने का अधिकार खो दिया है। वहीं दूसरी ओर, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ रही हैं और व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर सरकार राज्य को अपराध स्थल बनाने का काम कर रही है। उन्होंने पालमपुर में हुई इस घटना की पीड़ित युवती को जल्द न्याय दिलाने की मांग की है।

उपमुख्यमंत्री

इधर, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को मज़बूत बनाऐ रखना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पालमपुर में घटी घटना में पुलिस अपनी निष्पक्ष कार्रवाई करेगी और पीड़ित युवती को न्याय दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले दिन से ही पुलिस को फ्री हैंड दिया है और किसी भी स्तर पर लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

कत्थक उत्सव

राजधानी शिमला के गेयटी थियेटर में भाषा, कला व संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कत्थक उत्सव संपन्न हो गया है। इस उत्सव में स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों को कत्थक नृत्य की बारीकियों की जानकारी दी गई। उत्सव के अंतिम दिन आज प्रसिद्ध कत्थक नृतकों गुरू मंगला भट्ट और गुरू राघव राजभट्ट द्वारा राम गाथा पर कत्थक नृत्य का आयोजन किया गया।

सहकारिता

सहकारिता के युगपुरूष और कुल्लू शॉल के प्रणेता स्वर्गीय ठाकुर वेदराम की जयंती आज कुल्लू स्थित भुट्टिको परिसर में मनाई गई। इस अवसर पर सहकारिता सभा के अध्यक्ष व पूर्व बागवानी मंत्री सत्यप्रकाश ठाकुर ने स्वर्गीय वेदराम ठाकुर को श्रद्धांजलि

दी। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय वेदराम ठाकुर ने जहां सहकारिता क्षेत्र में स्थानीय लोगों के लिए रोज़गार का मार्ग प्रशस्त किया वहीं कुल्लू शॉल उद्योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है।

मतदाता जागरूकता

धर्मशाला के अंतर्राष्ट्रीय–क्रिकेट स्टेडियम में 5 और 9 मई को आई.पी.एल क्रिकेट के मैच प्रस्तावित है। निर्वाचन विभाग ने इन मैचों के दौरान क्रिकेट प्रेमियों को मतदान के लिए जागरूक करने की योजना तैयार की है। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि नागरिकों को मतदान के लिए जागरूक करने के प्रति स्वीप कार्यक्रम के तहत कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि आयोजकों को मैच के दौरान मतदाता जागरूकता गीत सुनाने के लिए भी आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए हैं।

पूर्वाभ्यास

लोकसभा चुनाव को देखते हुए सोलन जिले में चुनाव कर्मियों के लिए पूर्वाभ्यास कार्यक्रम 25 अप्रैल से शुरू किए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने बताया कि जिले में सभी 5 विधानसभा क्षेत्रों के लिए कार्यक्रम निर्धारित कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए सोलन जिले में 5 सौ 92 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज भी हल्के बादल छाए हुए है। पिछले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने से तापमान में कमी दर्ज की गई है। खासतौर पर मौसम में आए बदलाव से ऊपरी इलाकों में इन दिनों लोगों को सुबह–शाम ठंड का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्के हिमपात जबकि निचले इलाकों में कहीं–कहीं वर्षा होने की संभावना जताई है।

.................................